Indian Evidence Act 1872

1. भारतीय साक्ष्य अधिनियम कब से प्रभावशील हुआ?

(a) 1 सितम्बर, 1872

(b) 1 अक्टूबर, 1876

(c) 1 नवम्बर, 1872

(d) 15 दिसम्बर

उत्तर (a)

2. साक्ष्य अधिनियम लागू होगा:

(a)सम्पूर्ण भारत में

(b) सम्पूर्ण भारत में जम्मू-कश्मीर को छोड़कर

(c) सम्पूर्ण भारत व विदेशों में भी

(d) (a) व (c) दोनों सही हैं

उत्तर (a)

3. साक्ष्य अधिनियम किस पर लागू होगा?

(a) एअरफोर्स एक्ट के तहत गठित न्यायालयों की कार्यवाहियों पर

(b) शपथपत्रों पर

(c)मध्यस्थ के समक्ष होने वाली कार्यवाहियों पर

(d) उपर्युक्त में से किसी पर भी नहीं

उत्तर (d)

4.भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अन्तर्गत साक्ष्य विधि है:

(a) मौलिक विधि

(b) प्रक्रिया विधि

Lawspark Institute

(c) मौलिक व प्रक्रिया विधि
(d) विधियों का वर्ग

उत्तर (b)

5. निम्न में से कौन सी विधि को साक्ष्य अधिनियम 1872 का आधार माना जाता है?
(a) उस स्थान की विधि को जिस स्थान पर कार्य किया गया या अपराध किया गया था
(b) उस स्थान की विधि को जहाँ अन्वेषण या जाँच की गयी थी
(c) उस स्थान की विधि को जहाँ किसी मामले में कार्यवाहियाँ की जानी हैं
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
Ans (c)

6. साक्ष्य विधि है -
(a) लेक्स फोरी
(b) लेक्स टलिनिस
(c) लेक्ससिट्स
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर (a)

7. साक्ष्य विधि में शामिल है
(a) साक्ष्य के साधारण नियम
(b)तर्क के नियम
(c) साक्ष्य के विधिक नियम
(d) उपर्युक्त सभी

Lawspark Institute

उत्तर (c)

8.भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के अन्तर्गत न्यायालय के निरीक्षण के लिए प्रस्तुत किया गया इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख है

(a) दस्तावेजी साक्ष्य

(b) इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य

(c) (a) एवं (b) दोनों

(d) या तो (a) या तो (b)

उत्तर (a)

9. भारतीय साक्ष्य अधिनियम प्रत्यक्ष रूप से उल्लेख नहीं करता है

(a) परिस्थितिजन्य साक्ष्य का

(b) द्वितीयक साक्ष्य का

(c) मौखिक साक्ष्य का

(d) दस्तावेजी साक्ष्य का

उत्तर (a)

10. "अवांछनीय तरीके से प्राप्त साक्ष्य ग्राह्य है यदि वह अन्यथा सुसंगत है" न्यायालय ने कहा है-

(a) हरप्रसाद बनाम शिवदत्त

(b) पुष्पा देवी एम० जाटिया बनाम एम० एल० बाधवा

(c) रहमान बनाम उ० प्र० राज्य

(d) हरदयाल प्रसाद बनाम उ० प्र० राज्य उत्तर

उत्तर (c)

Lawspark Institute

11. टेपरिकार्ड किया गया कथन

(a) मौखिक साक्ष्य है

(b) दस्तावेजी साक्ष्य है

(c) (a) एवं (b) दोनों है

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर (b)

12. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 का उद्देश्य, उद्देशिका के अनुसार है:

(a) साक्ष्य की विधि की परिभाषित और संशोधित करना

(b) साक्ष्य की विधि का समेकन, परिभाषा और संशोधित करना

(c) साक्ष्य की विधि का प्रकटन, परिभाषा और समेकन

(d) साक्ष्य की विधि का प्रकटन, समेकन परिभाषा और संशोधन

उत्तर (b)

13. निम्नलिखित में से कौन सा सुसंगत है और किसे साक्ष्य में लिया जा सकेगा?

(a) टेपरिकार्डिंग

(b) डाग-ट्रेकिंग

(c) नार्को एनालिसिस टेस्ट

(d) उपर्युक्त सभी

उत्तर (d)

14. खोजी कुत्ता (Sniffer dog) द्वारा खोजा गया साक्ष्य किस श्रेणी में आता है?

(a) मौखिक साक्ष्य

Lawspark Institute

(b) दस्तावेजी साक्ष्य

(c) अनुश्रुत साक्ष्य

(d) वैज्ञानिक साक्ष्य

उत्तर (d)

15. उच्चतम न्यायालय ने किस मामले में कहा है कि खोजी कुत्ते के साक्ष्य में स्वाभाविक कमियाँ पायी जाती है, कुत्ते और उसके मालिक में तालमेल की कमी रह जाना लाजमी है तथा कुत्ते के व्यवहार से गलत आदमी के पकड़े जाने की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता।

(a) गाडे लक्ष्मी मंगा राजू बनाम आन्ध्र प्रदेश राज्य

(b) सुरिन्दर पाल जैन बनाम दिल्ली प्रशासन

(c) अब्दुल रज्जाक बनाम राज्य

(d) आर० एम० मथानी बनाम महाराष्ट्र राज्य

उत्तर (a)

16. साक्ष्य विधि है:

(a) विवादास्पद तथ्य प्रश्नों को सुनिश्चित करने के लिए नियमों की प्रणाली

(b)जिससे तथ्य साबित हो ऐसा विधिक विनिश्चय

(c) एक प्रक्रियात्मक विधि

(d) उपर्युक्त सभी

उत्तर (d)

17.साक्ष्य विधि निश्चित करती है:

(a) अधिकार या दायित्व को गठित करने वाले तथ्यों को

(b) अधिकारों या दायित्वों को गठित करने वाले तथ्यों के अस्तित्व- अनस्तित्व का निर्धारण

(c) उपर्युक्त दोनों को

LawSpark Institute

(d) उपर्युक्त में से कोई सही नहीं है

उत्तर (b)

18. साक्ष्य विधि का उद्देश्य है:

(a) यह निश्चित होना कि कौन से तथ्य साबित करने योग्य हैं

(b) तथ्यों को किस प्रकार न्यायालय के समक्ष साबित किया जा सकता है

(c) दीर्घसूत्री जांचों को रोकना

(d) उपर्युक्त सभी

उत्तर (d)

19. साक्ष्य अधिनियम का प्रभाव हो

(a) भूतलक्षी

(b) भूतलक्षी नहीं

(C) केवल भविष्यलक्षी

(b) a & b

उत्तर (a)

20"" 'गवाहान झूठ बोल सकते हैं, किन्तु परिस्थितियाँ नहीं" कथन किस विद्वान का है?

(a) मैकडोनाल्ड का

(b) स्टीफेन महोदय का

(c) वेस्ट महोदय का

(d) पाबी का

उत्तर (d)

Lawspark Institute

RJS Preliminary Exam
Subscribe
YouTube
TOP MCQ'S
LAWSPARK
LAW SPARK LAW SPARK
WEBSIT WWW.LAWSPARK.COM
RJS PRE/ MAINS
ADJ/ JLO/ APO/ ALL JUDICIAL EXAMS

Lawspark